हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 जनवरी 2026



04 चांचौड़ा ब्लॉक में जिले के मुखिया का सघन दौरा



07 स्कूली बच्चों ने कला और संस्कृति के कई रंग बिखेरे



## समाचार संक्षेप

### कोरी समाज का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन 1 फरवरी को गुना में

**गुना।** कोरी समाज की सामाजिक एकता, आपसी परिचय एवं वैवाहिक समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कोरी समाज का जिला स्तरीय परिचय सम्मेलन आगामी 1 फरवरी 2026, रविवार को मानस भवन, जिला गुना में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।इस सम्मेलन में जिलेभर से कोरी समाज के युवक-युवतियाँ, वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवक-युवतियों को एक मंच पर आपसी परिचय का अवसर प्रदान करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा समाज की भावी पीढ़ी को संगठित करना है।परिचय सम्मेलन समिति के अध्यक्ष संतोष जुगन ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन की तैयारियाँ जोर-शोर से की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान परिचय सत्र के साथ-साथ समाज की उन्नति, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। आयोजकों ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

### कार्ड संस्था के चेयरमैन डॉ. विवेक शर्मा का चाचौड़ा दौरा

**चाचौड़ा।** कार्ड संस्था के चेयरमैन डॉ. विवेक शर्मा ने चाचौड़ा क्षेत्र का दौरा कर संस्था द्वारा संचालित ABF परियोजना की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्टाफ मीटिंग लेकर परियोजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।भ्रमण के दौरान डॉ. शर्मा ने ग्राम आमासेर एवं काला पीपल में फील्ड विजिट कर जैव



संसाधन केंद्र, कैटल शेड, कुएँ के जीर्णोद्धार एवं फसल प्रदर्शन प्लॉट्स का निरीक्षण किया, जिसमें गेहूं, सरसों एवं धनिया की फसलें शामिल रहीं। उन्होंने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों से चर्चा कर स्थानीय समस्याओं एवं विकास कार्यों पर भी विचार-विमर्श किया गया। डॉ. शर्मा ने कहा कि संस्था का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों के माध्यम से उनकी आय में वृद्धि करना है।दौरे के दौरान परियोजना प्रबंधक हेमंत श्रीवास्तव, परियोजना टीम एवं ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने बीनागंज स्कूल में छात्रों से किया परीक्षा संवाद, हेल्थ केयर लैब का किया उद्घाटन

**बीनागंज।** 28 जनवरी को कलेक्टर महोदय ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बीनागंज का निरीक्षण एवं भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा को लेकर संवाद किया तथा अध्ययन में रीड, राइट एवं रिवीजन पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट



प्रदर्शन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।भ्रमण के दौरान कलेक्टर महोदय ने विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित हेल्थ केयर लैब का उद्घाटन किया तथा आईटी लैब का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक सुविधाओं की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, जिला शिक्षा अधिकारी गुना, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला गुना, अनुविभागीय अधिकारी चाचौड़ा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चाचौड़ा, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक चाचौड़ा, विद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### तेलंगाना से भटके मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को समाजसेवी ने दिलाया सहारा

**गुना।** गणतंत्र दिवस की रात मुकेश गोयल द्वारा एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के भटके होने की सूचना समाजसेवी प्रमोद भार्गव को दी गई। सूचना मिलते ही प्रमोद भार्गव तत्काल रात मे मौके पर पहुंचे और सबसे पहले उस व्यक्ति को भोजन कराया।इसके बाद उसे जिला अस्पताल ले जाकर उपचार कराया गया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम



आतिश मालपानी माहेश्वरी बताया। वह तेलंगाना राज्य के करीमपुरा का निवासी है। उसने बताया कि उसके तीन भाई और एक बहन हैं तथा वह लगभग दो वर्षों से घर से भटका हुआ है।उपचार के पश्चात उसे अपना घर आश्रम, शिवपुरी में भर्ती करा दिया गया है। जब तक उसके परिजनों का पता नहीं चल जाता, तब तक उसकी देखभाल और इलाज अपना घर आश्रम में किया जाएगा। परिजनों की तलाश कर उसे शीघ्र घर पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाजसेवी प्रमोद भार्गव निरंतर निराश्रित एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों की सेवा में सक्रिय रहते हैं और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन देने का कार्य कर रहे हैं।

### निशुल्क पशु चिकित्सा व एंटी-रेबीज शिविर 31 को

**गुना।** उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा हाट रोड स्थित जिला पशु चिकित्सालय, गुना में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 31 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

## निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 218 युवाओं को ऑफर लेटर दिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

जिले में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को शासकीय महाविद्यालय चांचौड़ा-बीनागंज परिसर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा 218 से अधिक युवाओं को ऑफर लेटर प्रदान किए गए, वहीं स्वरोजगार योजनाओं के 4 हजार से अधिक हितग्राहियों को 20 करोड़ 34 लाख रुपये का हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं स्वागत गीत से हुआ। आयोजन में निजी क्षेत्र की 7 कंपनियों ने भाग लिया, जिसमें 338 युवाओं ने पंजीयन कराया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे विकसित भारत



@2047 के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने चयनित युवाओं को कार्य अनुशासन, कौशल विकास और अनुभव के महत्व पर जोर देते हुए कम से कम एक वर्ष तक कार्य करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने गुना जिले को "गुलाब का शहर" बनाने के लिए युवाओं से सहयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं अंतर्गत मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना एवं पीएमएफएमई योजना के हितग्राहियों को ऋण एवं सहायता राशि का वितरण किया गया।युवा संगम में युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर द्वारा युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना एवं प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में जिला एवं विकासखंड स्तर के अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, बैंक प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजू शर्मा एवं डॉ. राकेश पुष्पकार द्वारा किया गया।

### पुतला दहन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

## यूजीसी के प्रस्तावित नियमों के खिलाफ गुना में सवर्ण समाज का उग्र प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा वर्ष 2026 के लिए प्रस्तावित नए नियमों के विरोध में बुधवार को गुना शहर में सवर्ण समाज का आक्रोश खुलकर सामने आया। सवर्ण आर्मी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने हनुमान चौराहे पर एकत्र होकर यूजीसी का पुतला दहन किया और जोरदार नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली।प्रदर्शन के दौरान हाथों में तख्तियां लेकर युवाओं ने "समान शिक्षा – समान अधिकार", "भेदभावपूर्ण नियम नहीं चलेंगे", "यूजीसी होश में आओ" जैसे नारे लगाए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

सवर्ण आर्मी के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह तोमर ने कहा कि यूजीसी के प्रस्तावित नियम सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ अन्याय करने वाले हैं और उन्हें जन्म से ही अपराधी की तरह देखने की मानसिकता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन नियमों के माध्यम से शिक्षा संस्थानों में एकतरफा कार्रवाई का रास्ता खोला जा रहा है, जिससे निर्दोष छात्रों का भविष्य बर्बाद हो सकता है।ज्ञापन में समाज की ओर से तीन प्रमुख मांगें रखी गईं—पहली, झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायत करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाए।दूसरी, शिकायत निवारण समितियों में सवर्ण समाज के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए ताकि निष्पक्षता बनी रहे।तीसरी, सामान्य वर्ग के छात्रों को भी जातिगत भेदभाव से बचाने के लिए विधिक संरक्षण प्रदान किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि सरकार और यूजीसी ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को प्रदेश स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक तेज किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो संसद तक घेराव किया जाएगा।इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन नारों और चेतावनियों से समाज का आक्रोश साफ झलकता रहा।सवर्ण समाज के नेताओं ने कहा कि वे किसी वर्ग के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन शिक्षा व्यवस्था में संतुलन और न्याय जरूरी है। नियम ऐसे होने चाहिए जो सभी छात्रों को समान अवसर और सुरक्षा प्रदान करें।अंत में जिला प्रशासन ने ज्ञापन को उच्च स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने आंदोलन समाप्त किया।



## खनिज के अवैध परिवहन पर लगातार कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार खनिज अधिकारी सचिन वर्मा के मार्गदर्शन में खनिज अमले द्वारा मकसूदनगढ़ क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिना नंबर के 01 ट्रैक्टर-ट्राली चेसिस नंबर T053445521DH एवं बिना नंबर के डंपर चेसिस क्रमांक MAT373085 D2H08 938 द्वारा बिना अनुमति/ बिना रॉयल्टी के गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण जब्त कर थाना मसूदनगढ़ अंतर्गत चौकी उकावद की अभिरक्षा में रखे गए।

उक्त कार्रवाई में प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती, खनिज सिपाही रामभरोसा जाटव, सैनिक राजीव रघुवंशी, सैनिक हाकिम सिंह रघुवंशी एवं सैनिक रघुनंदन रघुवंशी, सैनिक सतीश शर्मा की कार्रवाई उपस्थित थे।

## अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन करने वालों पर की जा रही है कार्रवाई



### तंबाकू का सेवन करते पाए गए 19 व्यक्तियों पर लगाया कुल 1,850 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय परिसर में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू सेवन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है।अस्पताल परिसर में तंबाकू का सेवन करते पाए गए 19 व्यक्तियों पर कुल 1,850 का जुर्माना लगाया गया।

कार्रवाई के दौरान सभी को मौके पर काउंसलिंग दी गई और तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों के बारे में समझाया गया। तंबाकू छोड़ने के लिए उन्हें TCC (Tobacco Cessation Centre) में रेफर भी किया गया। इस दौरान कुछ गर्भवती महिलाएं भी तंबाकू का सेवन करती पाई गईं, जिन्हें विशेष काउंसलिंग के माध्यम से इसके हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया गया। साथ ही अस्पताल कैंटीन संचालक को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि परिसर एवं आसपास किसी भी प्रकार का तंबाकू सेवन न होने दिया जाए और "यहाँ धूम्रपान वर्जित है" बोर्ड चस्पा किया जाए।

कार्यवाही का नेतृत्व नोडल अधिकारी विनीता सोनी एवं हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. सूरज सिंह ने किया, जबकि टीम में नमिता खादीकर, दीपक दुबे, मुरारी लाल, आदिल खान, दीपक एवं मोनू जाटव शामिल रहे।

## कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में विकासखंडों में कृषि रथों का संचालन किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में कृषि एवं संबंद्ध विषयों जैसे-पशुपालन, उघानिकी, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार गुना के समस्त विकासखण्डो में कृषि रथ चलाये जा रहे हैं।




इसी क्रम में खुटियावद, जमरा तथा गाजीपुर के ग्रामों में कृषि रथ में उपस्थित दल द्वारा कृषकों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा इससे होने वाले लाभों से कृषकों को अवगत कराया गया, साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सुझाई गई विभिन्न फसलों के चयन तथा संतुलित खादो के प्रयोग के लिये कृषकों को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में स्वाईल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किये गये। कृषकों को नरवाई न जलाने के संबंध में जानकारी दी तथा नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान से कृषकों को अवगत कराया गया।

### सांदीपनि विद्यालय के छात्र छात्राओं को दिया कौशल विकास का प्रशिक्षण

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन मे कैरियर मेला अंतर्गत सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना मे छात्रों के कौशल उन्नयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गुना की प्राचार्य श्वेता कुशवाह द्वारा समस्त बालक बालिकाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना द्वारा संचालित विभिन्न तकनीकी एवं गैर-तकनीकी शाखाएँ जैसे फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक, कोपा, मैकेनिक/सिविल शाखाओं के बारे मे विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई बच्चों को बताया कि आईटीआई में प्रशिक्षण प्राप्त कर वह शासकिय नौकरी के साथ स्वरोजगार की ओर भी बढ़ सकते हैं। आईटीआई गुना प्राचार्य ने स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विजिट कर विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में जानकारी प्राप्त करने की सलाह दी।

### संचालनालय खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स में राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

## गुना बालिका वर्ग ने दमोह को तो बालक ने रतलाम को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏩गुना

संचालनालय खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में गुना बालिका वर्ग ने दमोह को 4-0 से हराकर पहले मैच में जीत दर्ज कराई।

वहीं बालक वर्ग में रतलाम को 8-0 से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई बालिका टीम के कोच के रूप में सुनीता कंवर हॉकी प्रशिक्षक एवं बालक टीम के साथ शरद शर्मा प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए हैं इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे ने बालक एवं बालिका हॉकी टीम को बधाई दी।इंदौर में आयोजित खेलो एमपी राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना बालक वर्ग में पहला मैच जीता जिसके प्रशिक्षक राजा परिहार, आर्यन शर्मा हैं।खिलाड़ियों की जीत पर संभागीय खेल और युवक कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अतुल लुंबा, मनोज शर्मा, दुर्गेश सक्सेना, गोविंद सेन, हर्षित यादव, जय कुमार कुशवाहा, शुभम गॉड सहित सभी खेल प्रेमियों ने बधाई दी। खेल और युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में गुना बालिका वर्ग ने दमोह को 4-0 से हराकर पहले मैच में जीत दर्ज कराई। वहीं बालक वर्ग में रतलाम को 8-0 से हराकर अपनी जीत दर्ज कराई। बालिका टीम के कोच के रूप में सुनीता कंवर हॉकी प्रशिक्षक एवं बालक टीम के साथ शरद शर्मा प्रशिक्षक के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के सचिव बृजेश दुबे नेबालक एवं बालिका हॉकी टीम को बधाई दी। इंदौर में आयोजित खेलो एमपी राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में गुना बालक वर्ग में पहला मैच जीता जिसके प्रशिक्षक राजा परिहार, आर्यन शर्मा हैं।





## समाचार संक्षेप

### शासकीय महाविद्यालय आरोन में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**आरोन।** शासकीय महाविद्यालय आरोन में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रातः 8 बजे महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो. ए. के. मुद्गल द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके पश्चात राष्ट्रगान संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य के मार्गदर्शन में तथा सुश्री महाविद्या उपाध्याय के संयोजन में किया गया।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति एवं भारतीय संविधान के प्रति जागरूकता दर्शाने वाली प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की विशेष थीम "विकसित भारत 2047" रही, जिसके अंतर्गत छात्रों ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत, तकनीकी विकास, शिक्षा एवं सामाजिक प्रगति जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले महाविद्यालय कर्मचारियों को सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय उपस्थिति रही। अंत में सभी ने विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया।

### तेलीगांव मंडल में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन हिंदू एकता के भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न



**राघौगढ़।** जिले के तेलीगांव मंडल में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन श्रद्धा, उत्साह एवं हिंदू एकता के भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृ शक्ति द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा से हुआ, जिसने समूचे क्षेत्र में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का सृजन कर दिया।सम्मेलन में मातृ शक्ति संध्या लोधा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेश शर्मा ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में हिंदू समाज को संगठित रहने, सनातन संस्कृति के संरक्षण तथा राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान भारत माता की आरती का भावपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। आरती के पश्चात सभी उपस्थित हिंदू बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, मातृ शक्ति, युवा वर्ग एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सम्मेलन ने समाज में एकता, संस्कार एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।अंत में आयोजक मंडल द्वारा सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

## महिलाएं पहुंची आरोन थाना, जांच हुई शुरू

# मध्याह्न भोजन के दौरान महिला रसोइया पर शराबी युवक का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन






आरोन नगर के ग्राम टंक परोरिया में 26 जनवरी की घटना सामने आई है ग्राम पंचायत टंक परोरिया के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम चल रहा था उसके बाद सभी बच्चों को मध्यान भोजन वितरित कर रसोई घर में सभी रसोइया महिला रसोई घर की साफ सफाई कर रही थी तभी वहां पर ग्राम का सुनील अहिरवार पुत्र चिंटू लाल अहिरवार नामक युवक जो शराब के नशे में धुत था रसोइया महिला से खाना मांगता है जबकि उक्त व्यक्ति के घर में कोई भी हितग्राही नहीं है फिर भी खाना देने के बाबजूद उक्त युवक महिला रसोइया को गालियां देने लगा । सभी महिला रसोइया ने उसका विरोध किया तो वह रसोई घर में घुस गया और सारा भोजन फेक दिया तथा वाह पर रखा सब्जी काटने का हाशिया फेंक दिया गनीमत यह रही कि किसी भी महिला को उससे कोई हानि नहीं हुई फिर कुर्सी भी तोड़ दी उसके बाद महिलाये अपनी जान बचाते हुए रसोई घर से बाहर आई ग्रामीण जानों को आवाज दी तब ग्रामीण वासियों ने सुनील को रोका लेकिन सुनील महिलाओं को गंदी गंदी गालियां देता रहा लेकिन महिलाओं ने अपने आप को बचाने के लिए गांव की तरफ आने का सोचा तभी वहां डायल 112 पहुंची तो वहां से भाग गया यह सारा दृश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हेमलता सक्सेना ने देखा सुशीला साहू सहायिका ने भी देखा। सभी महिला रसोइया आरोन थाने में अपनी साथ जो बीता वह बताया पुलिस द्वारा एक आवेदन लिया गया है।महिलाओं द्वारा बताया गया कि हम यहां सुनील अहिरवार की रिपोर्ट लिखवाने आए थे लेकिन पुलिस द्वारा हमसे अभी आवेदन लिया गया है जांच पड़ताल के बाद आप सभी महिलाओं के कथन के बाद हम रिपोर्ट दर्ज कर लेंगे........यदि यदि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है तब ग्राम में मध्यान भोजन जैसे शासकीय कार्य में हमें हमारी जान का खतरा हमेशा बना रहेगा।

**इनका कहना है**

सुनील अहिरवार पुत्र चिंटू लाल अहिरवार काफी समय से महिलाओं को गालियां दे रहा था महिलाओं को बोल रहा था कि तुम सबके ऊपर हरिजन एक्ट लगाऊंगा ओर रसोई घर में बना हुआ भोजन फेक दिया महिलाओं को मारने के लिए दौड़ रहा था महिलाओं ने अपनी जान बहुत मुश्किल से बचाई है।

**-हेमलता सक्सेना** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता

ये कई बार ऐसा कर चुका है इसको हमेशा माफ कर देते थे लेकिन आज तो सुनील अहिरवार ने अपनी सारी हद पार कर दी।

**-सुशीला साहू,** आंगनवाड़ी सहायिका

## 187 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व तीन लीटर अंग्रेजी मदिरा की जब्त



अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल गुना के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान एवं संदीप शर्मा उपायुक्त संभाग ग्वालियर के निर्देशन में अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह, परिवहन एवं जहरीली शराब के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है । जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में 28 जनवरी को आबकारी वृत्त गुना 1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया, के द्वारा ग्राम मुहालपुर, सिंगवासा चक एवं मातापुरा मोहल्ला में दबिश दी गई । ग्राम मुहालपुर से विशेष प्रजापति के कब्जे से एवं दो नाबालिग के कब्जे से अवैध मदिरा जब्त की गई ।

पारदी समुदाय के लोग नाबालिग बच्चों से मदिरा विक्रय करवाते है। ताकि वो बच जाए । इसी तरह की हरकत को देखते हुए आबकारी विभाग द्वारा बच्चों के उचित व्यवहार के लिए बच्चों को बाल संप्रेषण ग्रह में रखने हेतु बाल न्यायालय में पेश किया गया । कुल 187 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई । चांचोडा प्रभारी ऐल आर करोटिया द्वारा कुल 30 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए । वृत्त गुना 1 एवं चांचोडा वृत्त में कुल 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए जिसमें से दो प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) एवं एक प्रकरण 49 (ए) का पंजीबद्ध किया गया । 3 प्रकरण 34 (ए) में पंजीबद्ध किए गए । जबतसूदा मदिरा का अनुमानित मूल्य 38,000/- रुपये है। कलेक्टर के आदेश पर इस तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। उक्त कार्यवाही में आबकारी मुख्य आरक्षक राम हेत कुशवाह महिला आरक्षक पूजा रघुवंशी ,दिनेश कुमार राठौर ,गोविंद मीना एवं अरुण कुमार शर्मा की भूमिका सराहनीय रही। आबकारी विभाग लगातार अपनी कार्यवाही में सजगता दिखा रहा है ।

## चाचौड़ा में 30 जनवरी को निःशुल्क नेत्र जांच और ऑपरेशन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में स्व. शैलेन्द्र सिंह सिरसौदिया की पुण्य स्मृति में विशाल निःशुल्क नेत्र जाँच, दंत रोग एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर दिनांक 30 जनवरी (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। शिविर स्थल पत्रकार भवन, रजिस्ट्रार कार्यालय के पास, चाचौड़ा निर्धारित किया गया है। शिविर में मरीजों की जाँच कर उन्हें मोतियाबिंद ऑपरेशन, फेको सर्जरी, फोल्डेबल लेंस, चश्मा वितरण सहित अन्य नेत्र रोगों से संबंधित परामर्श प्रदान किया जाएगा। इसके साथ-साथ पास के मरीजों की दृष्टि जाँच कर उन्हें निःशुल्क चश्मा भी उपलब्ध कराया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि जरूरतमंद मरीजों को ऑपरेशन हेतु चयनित कर पूर्णतः निःशुल्क उपचार की सुविधा दी जाएगी।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। कार्यक्रम का संयोजन स्व. डॉ. शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया मित्र मंडल एवं समस्त पत्रकार गण चाचौड़ा-बीनागंज द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस निःशुल्क शिविर का लाभ उठाएं।

## चांचौड़ा ब्लॉक में जिले के मुखिया का सघन दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा



जिला कलेक्टर द्वारा चाचौड़ा ब्लॉक का सघन दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने जयसिंहपुरा स्थित गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात जिला कलेक्टर उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, बीनागंज पहुंचे, जहां उन्होंने हेल्थ केयर सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया एवं विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता एवं गुरुओं के सपनों को साकार करने के लिए विद्यार्थी जीवन में मेहनत ही सबसे बड़ा आधार है। यही समय भविष्य निर्माण का है।दौरे के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। अस्पताल में ट्यूबवेल की कमी को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल को बेहतर एवं सुव्यवस्थित बनाना उनकी प्राथमिकता है, ताकि आम जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है। इसके बाद वे कॉलेज परिसर में आयोजित रोजगार मेले में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम उपरांत चाचौड़ा स्थित पत्रकार भवन में पत्रकारों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पत्रकार जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। इस दौरान पत्रकारों ने बीनागंज बस स्टैंड की समस्या सहित अन्य जनसमस्याएं उनके समक्ष रखीं।कलेक्टर ने पत्रकार भवन के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम चाचौड़ा रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया





**राजपुर।** कस्बे में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। हायर सेकंडी स्कूल में सरपंच नूरजहां वानों ने झंडा वंदन किया। इसी तरह पंचायंत भवन के साथ साथ अनेक विभागीय कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया।

अधीक्षिका प्रियंका रघुवंशी ने बताया कि 26 जनवरी पर छात्रावास में नाना नाना प्रकार की लाइट लगाई गई, छात्रावास के समस्त स्टाफ एवं बच्चों ने पताका और गुब्बारे लगा कर छात्रावास की सजावट की सभी बच्चों ने मिलकर रंगोली एवं कलाकृति कई प्रकार के रंगों से अपने अपने हाथ से बनाई और प्रात काल झंडा वंदन कर नशा मुक्ति एवं प्लास्टिक मुक्त छात्रावास की शपथ दिलाई,बच्चों ने विशेष भोजन एवं मिठाईयों के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया।

हर्षोल्लास से मनाया गया 77 वाँ गणतंत्र दिवस शासकीय अनुसूचित जाति कन्या सीनियर छात्रावास प्रथम शाढ़ौरा में 77 वे गणतंत्र दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अधीक्षिका अनुराधा शेषा द्वारा तिरंगा झंडे को फहरा कर की गई इसके बाद छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया तत्पश्चात अधीक्षिका द्वारा भारत माता एवं महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया एवं गणतंत्र दिवस के इतिहास एवं महत्व के बारे में छात्राओं को बताया गया इस अवसर पर छात्रावास में प्रकाश सज्जा की गई एवं छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत, कवितागायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम के अंत में अधीक्षिका द्वारा छात्राओं को नशा मुक्ति एवं पॉलिथीन मुक्त परिसर हेतु शपथ दिलाई गई।

## ग्राम रूसल्ला में गीता के 14वें अध्याय का स्वाध्याय किया गया



**अशोकनगर।** श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा वृंदावनसिंह यादव शिक्षक के निवास पर ग्राम रूसल्ला में माघ शुक्लपक्ष नवमी मंगलवार को श्रीमद् भगवद्गीता अध्याय 14 गुणत्रय विभाग योग का स्वाध्याय किया गया। गीताव्रती रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए बताया अध्याय 14 श्लोक 18 में भगवान श्रीकृष्ण गुणों के अनुसार मनुष्यों के मरने के बाद की स्थिति बता रहे हैं भगवान कहते हैं सत्त्वगुणमें स्थित पुरुष स्वर्गादि उच्च लोकों को जाते हैं, रजोगुण में स्थित राजस पुरुष मध्य में अर्थात मनुष्य लोक में ही रहते हैं और तमोगुण के कार्यरूप निद्रा, प्रमाद और आलस्यादिमें स्थित तामस पुरुष अधोगति को अर्थात कीट, पशु आदि नीच योनियोंको तथा नरकोंको प्राप्त होते हैं। श्लोक 24 में बताते हैं जो व्यक्ति सुख-दुःख को समान समझने वाला और मिट्टी, पत्थर और स्वर्ण में समान भाववाला, ज्ञानी, प्रिय और अप्रिय को एक सा माननेवाला और अपनी निन्दा - स्तुति में भी समान भाववाला है वही परमात्मा को प्राप्त होता है।

## बारिश और आकाशीय बिजली की चमक से बिजली कई घंटे गुल रही





**अशोकनगर।** बीती रात अशोकनगर शहर में बारिश जैसा मौसम हो गया। जहां तेज गड़बड़हट के साथ आकाशीय बिजली की चमक के साथ बारिश हुई। इस बारिश के दौरान शहर की विद्युत सप्लाई में कई बांधाएं आइं जिससे देर रात 4 से 5 घंटे लाइट कटौती रही। इस परेशानी का कारण जब तलाशा गया तो पता चला कि विद्युत लाइनों और सब स्टेशनों में आकाशीय बिजली की चमक और बारिश से इस प्रकार के फाल्ट आ गए थे। कम से कम 20 से 25 स्थान पर इस प्रकार के फाल्ट हुए। इन फाल्टों को सुधारने और विद्युत सुचारू रूप से स्थापित करने के लिए विद्युत मंडल के कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। छैलाबाग के पास हुए फाल्ट से छैला बाग, गौशाला, पटेल पार्क, इंदिरा पार्क, आदि स्थानों का लाइट विक्षेपित हुआ। इसी प्रकार जो आकाशीय बिजली से विद्युत सब स्टेशनों को बचाता है वह यंत्र भी फेल हो गया और शहर की लाइट विक्षेपित हो गई। जिसको सुधारने में 3 से 4 घंटे तक विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारियों को मशक्कत करना पड़ी तब जाकर शहर की लाइट प्रारंभ हो सकी। अशोकनगर मैन लाईन का तड़ति चालक बिजली की गड़गड़ाहट से वष्ट हो गया। जिसको सुधारने में कईं घंटे लगे, जिससे सप्लाई बाधित हुई।

## मरीज को मिला रेयर ब्लड



**अशोकनगर।** विगत दिनों जिला अस्पताल में भर्ती ककरुआ निवासी मरीज सतेंद्र साहू का हीमोग्लोबिन केवल 3.8 शेष रह गया था डॉक्टर ने मरीज के लिए तुरंत ब्लड की व्यवस्था करने को बोला चूंकि ब्लड ग्रुप रेयर था जो ब्लड बैंक में मिल नहीं रहा था मरीज के साथ गांव के लोग साथ थे जिन्होंने अपने अपने ब्लड ग्रुप चेक कराए किसी का भी मेच नहीं हो रहा था। मरीज के परिजन इंदौर मजदूरी करते हैं वह देर शाम अशोकनगर पहुंचे ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर भी ब्लड की पोस्ट डालीं पर कहीं से ब्लड उपलब्ध नहीं हो सका। अंत में क्षेत्रीय विधायक हरीबाबू राय एवं रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ जयमंडल के पास मामला पहुंचा तो इन दोनों ने ही ब्लड हेल्प ग्रुप से संपर्क किया जिसके बाद खराब मौसम में भी ग्रुप के सदस्य शाश्वत रघुवंशी पानी में भीगते हुए रात्रि में ही मरीज के लिए बी निगेटिव रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंचे।

## करीला मेला स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

# ग्वालियर संभाग आयुक्त व पुलिस महानिरीक्षक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर







अशोकनगर जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी रंगपंचमी के अवसर पर 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाएगा। वार्षिक मेले की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन अशोकनगर द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किया गया है, वह अधिकारी अपने दायित्वों पर खरा उतरकर सभी तैयारियां पूर्ण रखें। इस आशय के निर्देश आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री ने बुधवार को करीला धाम पर आयोजित करीला मेला की तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए।

बैठक में निर्देशित किया कि करीला मेला हेतु पिछले करीला मेला के पूर्व अनुभवों के साथ इस बार करीला मेला में बेहतर व्यवस्थाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला मेला में देश, प्रदेशों के विभिन्न अंचलों से आने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के केंद्र पर सुगम एवं बेहतर वातावरण के साथ सभी आवश्यक सुविधा मिले। जिससे श्रद्धालुओं को श्रद्धा के साथ मां जानकी के दर्शन कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला मेला क्षेत्र में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। मेला परिसर में पर्याप्त विद्युत की व्यवस्था रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि वीआईपी के लिए मंदिर में दर्शन व्यवस्था के लिए कड़े इंतजाम किए जाएं। संपूर्ण मेला परिसर की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाया जाए। मेला परिसर की कंट्रोल रूम के माध्यम से सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए की करीला मेला में श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो ऐसे तो सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रखी जाए। पीएचई विभाग द्वारा टंकियो की साफ सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर डाला जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि करीला मेला आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग हेतु टेंडर लिए जाएं। पार्किंग में सीसीटीवी कैमरे विद्युत व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेला परिसर सहित विभिन्न मार्गों पर एंबुलेंस सहित चिकित्सा स्टॉफ रहे सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देशित किया कि करीला मेला को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब के विरुद्ध अभी से कार्यवाही की जाए।

### श्रद्धालुओं के सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध रहेगा:आईजी

आईजी अरविंद सक्सेना ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सरहदी जिलों सहित करीला मेला में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि करीला मेला में सुरक्षा व्यवस्था हेतु सतत निगरानी रखी जाए। करीला मेला के दौरान यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखते हुए निरंतर चेकिंग की जाए। साथ ही वैकल्पिक मार्गो की मरम्मत कर यातायात सुंगम बनाया जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला परिवहन विभाग द्वारा वाहन की सतत चैकिंग कर फिटनिस की जांच की जाएं तथा ओवर लोडिंग न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिये आने जाने का किराया निर्धारित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कौंचा एवं मोला डेम में होमगार्ड तैराकों एवं वोट की व्यवस्था तथा वैरिकेटिंग लगवाये जाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा करीला मेला हेतु अधिकारियों को सौपें गये दायित्वों के संबंध में की जा रही कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन के बारे में जानकारी दी।

**विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की :** आयुक्त ग्वालियर संभाग मनोज खत्री एवं आईजी अरविंद सक्सेना ने करीला धाम पर मां जानकी माता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की।

### निर्माणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण

इस दौरान मंदिर परिसर में निर्माणाधीन सीढ़ी निर्माण मंदिर परिसर का सौदर्यीकरण के निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, जिला वनमण्डाधिकारी प्रतिभा अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर बृज विहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम मुंगावली इसरार खान,सीईओ जनपद पंचायत मुंगावली आलोक प्रताप सिंह इटोरिया,करीला ट्रस्ट अध्यक्ष महेन्द्र यादव सहित विदिशा जिले के पुलिस एवं राजस्व, जनपद के अधिकारी एवं जिले के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को कारावास

**अशोकनगर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुंगावली जिला अशोकनगर द्वारा निर्णय पारित करते हुये आरोपी इलियास खांन पुत्र जलील खांन निवासी अजीज कॉलोनी मुंगावली जिला अशोकनगर को छेड़ छाड़ के प्रकरण में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 1500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से सहायक निदेशक अभियोजन/जिला अभियोजन अधिकारी जिला अशोकनगर के निर्देशन में प्रभावी अभियोजन संचालन एडीपीओ मुंगावली नम्रता शर्मा द्वारा किया गया। अभियोजन कहानी के अनुसार घटना दिनांक को रात करीब 10:00 बजे की बात है कि पीडिता का पति बाजार गया था, उसकी सास अलग कमरे में सो रही थी एवं वह अलग कमरे में अकेली थी उसी समय आरोपी इलियास खांन उसके घर में घुस आया और बुरी नियत से पीडिता का हाथ पकड लिया। उसके चिल्लाने पर उसकी आवाज सुनकर उसकी सास व पति आ गये थे तब आरोपी भागने लगा तो उसके पति ने आरोपी को पकडना चाहा तो आरोपी ने वहीं पडा डण्डा उठाकर उसके पति की मारपीट की जिससे उसे जगह-जगह चोटें आईं। उक्त घटना के लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस थाना मुंगावली में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत आरोपी को प्रकरण में दोषी पाते हुये उसके विरूद्ध दोषसिद्धि का निर्णय पारित किया गया।

### कुए के पानी में डूबने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम खोक्सी निवासी माधौसिंह पुत्र बादाम सिंह यादव उम्र 38 वर्ष की कुए के पानी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 19 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी सुरेखा पुत्री राजेश कुशवाह उम्र 19 साल ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### धार्मिक भावनाएं भड़काने पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महात्मा बाड़ा रोड निवासी बबलू यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आजाद मोहल्ला अशोकनगर निवासी राशिद खान पुत्र नसीर खान ने वायरल वीडियों में दुॅभावना पूर्वक गाय को लात घूंसों से निर्ममता से मारा जिस पर से यह मामला दर्ज किया गया है।

### कई मोबाइल नंबरों से 1 लाख 41 हजार निकाले

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत गुरूकृपा होटल के पीछे निवासी शेलेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपियों ने कईं मोबाइल नंबरों से फोन करके बात की और बाद में 1 लाख 41 हजार रूपए हड़प लिए, जिस पर से मामला दर्ज किया गया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी दिनेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल, राजेश, राजेन्द्र, रामकुमारी प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनेश और नैन्सी साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी राजेश बाल्मीक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबाबू और सुनीता बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तारई निवासी कुंवरबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भैंरोसिंह बागड़ी और 4 अज्ञात लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

### नरखेड़ा-ओंडेर में सबसे ज्यादा नुकसान, धनिया की फसल नष्ट

# बहादुरपुर क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में बौछारों से साथ गिरे ओले





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र में मंगलवार देर षाम को क्षेत्र में मौसम बिगड़ गया और 70 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चली आंधी के बाद बारिष का दौर षुरु हो गया। करीब आधे घंटे तक चले बारिष के दौर में कई गांव ओलावृष्टि का षिकार भी हो गए। करीब एक दर्जन गांवों में ओलों ने रबी सीजन की खड़ी फसलों पर कहर ढाया। सबसे ज्यादा प्रभावित नरखेड़ा एवं ओण्डेर गांव हुए हैं। बहादुरपुर तहसीलदार कैलाष मालवीय ने बुधवार सुबह ही नरखेड़ा गांव पहुंचकर ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों का फौरी निरीक्षण किया।

दरअसल, मौसम विभाग के पूर्वानुमान को सही साबित करते हुए मंगलवार देर षाम करीब आधे घंटे तक क्षेत्र में तेज बारिष हुई। इस बारिष से एक ओर जहां फसलों में सिंचाई के लिए पानी का इंतजाम करने में जुटे किसानों के चेहरे पर खुषी की लहर दौड़ गई तो दूसरी ओर जिन गांवों में ओले गिरे, वहां के किसान रात भर नुकसान की आषंका से भयभीत रहे। सुबह जब ओलावृष्टि वाले इलाकों में किसान खेतों में पहुंचे तो बड़ी मात्रा में फसल चैपट हो चुकी थी।

**षुरुआती तौर पर एक दर्जन गांवों के नाम सामने आए:** राजस्व विभाग से जुड़े कर्मचारियों का कहना है कि एक-दो दिन में वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकेगी। षुरुआती तौर पर करीब एक दर्जन गांवों के नाम सामने आए हैं, जो ओलावृष्टि से प्रभावित हुए हैं। इन गांवों में से नरखेड़ा एवं ओण्डेर में नुकसान बड़े पैमाने पर हुआ है जबकि मलउखेड़ी, गीलारोपा, सिरसौरा, भ्याना, नानौटी, मिर्जापुर, महोली और टांड़ा आदि गांवों में भी ओले गिरने की खबरे में हैं।

#### नरखेड़ा में सुबह तक जमी थी ओले की चादर

क्षेत्र का नरखेड़ा गांव ओलावृष्टि से सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। यहां के किसानों ने बताया कि रात में जब ओलों की बारिष हुई तो कच्चे घरों में खपरैल भी टूट गए। ओलों की बारिष से लोग डरे हुए थे। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो धनिया, चना, सरसों एवं मसूर की फसलों को बेहद नुकसान हुआ था। कई खेतों में ओलों की चादर बिछी हुई थी। किसानों ने मौके पर पहुंचे अधिकारियों को बर्फ के टुकड़े भी हाथ में लेकर दिखाए।

#### ओंडेर में धनिया की फसल को बेहद नुकसान

*क्षेत्र के ओण्डेर गांव में इस बार धनिया की फसल बड़े पैमाने पर बोई गई है। इस फसल में ओलों ने बेहद नुकसान पहुंचाया है। हल्का पटवारी रामकुमार यादव ने बताया कि उन्होंने बुधवार को 8-10 खेतों में जाकर देखा तो वहां धनिया की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। धनिया की फसल के तने टूटकर खेतों में गिर गए थे। पटवारी का कहना था कि एक-दो दिन में पूरा सर्वे हो जाएगा। ओण्डेर के ही किसान सोनू ठाकुर ने बताया कि इस बार फसलें अच्छी थीं, ऐसे में ओलावृष्टि ने सबकुछ बर्बाद कर दिया।*

#### जायजा लिया है

*आज मैंने एवं हमारे पटवारियों ने कई गांवों में मौके पर जाकर फसलों की स्थिति देखी है। कल कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ भी पटवारी जाएंगे। हमने सभी पटवारियों ने अपने-अपने गांवों में नुकसान का आंकलन करने के लिए निर्देष दिए हैं। कल तक और अधिक जानकारी आ जाएगी।*

***कैलाष मालवीय**, तहसीलदार, बहादुरपुर*

---

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन

## स्कूली बच्चों ने कला और संस्कृति के कई रंग बिखेरे





**अशोकनगर।** स्थानीय विवेकानंद हायर सेकेण्ड्री स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। राज्यस्तरीय एवं राष्ट्रीय स्तर के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों द्वारा फूड की स्टाल्स एवं गेम्स के स्टाल्स भी लगाई गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर, देवकीनंदन सिंह रहे।

एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा विशिष्ट अतिथि एवं देहात थाना प्रभारी भुवनेश शर्मा अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दुर्गेश पाराशर द्वारा की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि,विशिष्ट अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय संस्थापक महेश कुमार श्रीवास्तव, विद्यालय प्राचार्य कल्पना श्रीवास्तव द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रबंधक तरणि प्रकाश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूप रेखा एवं सत्र की गतिविधियों की संक्षेप में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन कक्षा 11वी की छात्रा राधिका रघुवंशी ,आरती रघुवंशी,कौशल यादव एवं अनुष्का यादव द्वारा किया गया।कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं भैया बहन उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबन्धक मोहित श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

---

## खोरीवरी मंडल केन्द्र पर हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया



**पिपरई।** सकल हिंदु समाज के तत्वावधान में बुधवार को खोरीवरी मंडल केन्द्र पर भव्य हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मंडल केंद्र से जुड़े आसपास के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति, बहनें, युवा एवं नागरिकों ने सहभागिता की। गांव में भगवा ध्वजों से सजे मार्गों और जयघोष के बीच सम्मेलन स्थल पर उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ किया गया। इस अवसर पर मंच पर महंत जयरामदास महाराज अखण्ड आश्रम मैनखेडा, संयोजक तुलाराम यादव,मातृ शक्ति गायत्री बाई विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुना विभाग के विभाग घोष प्रमुख हेमन्तकुमार पाठक ने भारत के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश मैं घटित घटनाओं पर विस्तार से बताया, उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्य बताते हुए कहा कि संघ समाज में एकता, अनुशासन, संस्कार और राष्ट्रभक्ति को सुदृढ़ करने का कार्य कर रहा है। पंच परिवर्तन" विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों में विशेष उत्साह एवं जागरूकता देखने को मिली। कार्यक्रम स्थल पर अनुशासन और व्यवस्था बनी रही। नरेन्द्र राठौर ने सम्मेलन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित जनसमुदाय का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने का संदेश दिया।

## नगर के प्रमुख स्थानों से निकाली गई प्रभात फेरी



**अशोकनगर।** चंदेरी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनीष धनगर के निर्देश और विकास खण्ड शिक्षा सुरभि जैन बीआरसीसी वेद प्रकाश गोयल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाने के लिए नगर के सभी विद्यालय के छात्र छात्राओं की रैली एक साथ नगर के सभी प्रमुख स्थानों से होकर निकाली गई। इस सम्बन्ध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के द्वारा पूर्व में ही गणतंत्र दिवस के लिए खण्ड स्तरीय अधिकारियों की मीटिंग लेकर आवश्यक निर्देश निर्देश जारी किए थे। गणतंत्र दिवस समारोह की यह प्रभात फेरी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से आरम्भ हुई, इस प्रभात फेरी में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल, पद्मकीर्ति उच्चतर माध्यमिक, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदि के लगभग 1600 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रभातफेरी में सबसे आगे एन.सी.सी. कैडेट्स अपने बैंड और साजबाज के साथ निर्धारित आकर्षक गणवेश में उच्च जय घोष करते हुए चल रहे थे, उनके पीछे स्काउट एंड गाइड का दल अपनी शैली के अनुसार चल रहा था। इस प्रभातफेरी के लिए प्रकाश राय, ब्लॉक सहसमन्वयक, उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम जनपद शिक्षा केंद्र चंदेरी को नोडल प्रभारी नियुक किया गया था। प्रभातफेरी के बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा व्यवस्थापक के रूप में धर्मपाल सिंह बुंदेला, विवेक जैन, सुमेर सिंह सेन आदि उपस्थित रहे।

## संस्कृति स्कूल में उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय संस्कृति विद्यालय के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और राष्ट्रीय गरिमा के साथ मनाया गया। वर्ष 2026 का यह समारोह ऐतिहासिक रहा, क्योंकि इस बार वन्दे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का मुख्य विषय वन्दे मातरम रखा गया था। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या इंदरपाल कौर एवं संचालक देवेंद्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया, एवं उप-प्राचार्या प्रतिभा पटेल सहित अन्य सभी गरिमामयी उपस्थिति में साथ रहे।

इस अवसर पर प्राचार्या एवं संचालक द्वारा अमर शहीदों, महान स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात सभी ने गर्व से राष्ट्रगान गाया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पर आधारित गीत-संगीत, मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और शारीरिक व्यायाम का प्रदर्शन किया। साथ ही, बच्चों द्वारा मार्शल आर्ट और आत्मरक्षा का भी शानदार प्रदर्शन किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में बच्चों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धियों और उसमें दिए गए बलिदानों पर आधारित एक गौरवशाली प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में अशोकनगर जिले की ऐतिहासिक नगरी चंदेरी और वहाँ की विश्व प्रसिद्ध साड़ी बनाने की कला को भी बड़े सुंदर ढंग से दर्शाया गया। समारोह के दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें मुख्य रूप से




श्रिशा चैधरी, गौरवी कांसल और रिधान छाबड़ा को छात्रवृत्ति पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही, शिक्षकों को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सेवा और समर्पण पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

#### प्राचार्या का प्रेरणादायक संबोधन

कार्यक्रम के समापन पर प्राचार्या इंदरपाल कौर ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण का संकल्प दिलाते हुए कहा कि गणतंत्र का अर्थ अपने कर्तव्यों और संविधान के प्रति निष्ठा है। उन्होंने छात्रों से एक अनुशासित और चरित्रवान नागरिक बनकर समाज के विकास में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। अंत में सभी के द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गाया गया। इसके पश्चात राष्ट्र की प्रगति के नारों और मिठाई वितरण के साथ समारोह संपन्न हुआ।

---

### चंदेरी जौहर के 499वें वर्ष पर विशेश, चंदेरी में जौहर का स्मारक इतिहास का है प्रतीक

# चंद्रगिरि की शौर्य गाथा के प्रतीक थे मेदिनीराय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

इतिहास में चन्देरी में हुए जौहर में रानी मणिमाला के साथ अनेक महिलाओं ने अपने सतीत्व की रक्षा करने के लिए 29 जनवरी 1528 को अपने आपको अग्नि के हवाले कर दिया था। चन्देरी के शासक मेदिनीराय और बाबर के बीच हुए इस युद्ध में जब मेदिनीराय वीरगति को प्राप्त हुए उसके बाद यह जौहर हुआ था। आज भी चन्देरी में जौहर का स्मारक इतिहास का प्रतीक बना हुआ है। चन्देरी के इतिहासविद और शोधकर्ता डॉ. अविनाश सराफ ने बताया कि राजा मेदिनीराय ने अपने सभी शूरवीरों से अंतिम युद्ध के लिए आह्वान किया। अपनी मातृभूमि की रक्षार्थ सभी ने केसरिया वाना धारणकर हर-हर महादेव के जय घोष के साथ अंतिम युद्ध लड़ने को तैयार हुए। वहीं महारानी मणिमाला ने जौहर की तैयारी हेतु आदेश दिया। महाराज मेदिनीराय महारानी से अंतिम विदाई लेने के लिए प्रस्तुत हुए। बाबर की सेना नगर में प्रवेश कर चुकी थी, वह कीर्तिदुर्ग के प्रथम द्वार (वर्तमान खूनी दरवाजा) पर तैयार थी। तलवारों की खन-खनाहट और बाबर की तोपों की गर्जन के बीच रक्त की धाराएं प्रवाहित होने लगी और शवों के ढेर लग गए। युद्ध में महाराज मेदिनीराय अपने वीरों के साथ तुर्की सेना के सिर काटते हुए वीरगति को प्राप्त हो गए। चारों और सन्नाटा छा गया। दुर्ग का द्वार खुला हुआ था और बाबर जिसके साहस की दंत-कथाएं संपूर्ण एशिया में प्रचलित थी, वह चंद्रगिरि के दुर्ग पर जाने से घबरा रहा था। घाटी से नीचे के दरवाजे की ओर रक्त की धाराएं प्रवाहित होकर रक्त को एकत्रित कर रही थी। तभी से फुहारी जी वाले दरवाजे को खूनी दरवाजा के नाम से आज तक जाना जाता है।

उन्होंने बताया कि खानवा के युद्ध में मेदिनीराय द्वारा बाबर की सेना को काफी क्षति पहुंचाई थी जिसके कारण बाबर ने कुपित होकर 9 दिसंबर 1527 को चंदेरी पर आक्रमण करने का निर्णय लिया। बाबर, जलेसर से चंबल और कनार नदी से कालपी, एरच होता हुआ 22 जनवरी 1528 ई. को चंदेरी के नगर के बाहर से घूमता हुआ वर्तमान रामनगर के बहुजात खां तालाब पर अपनी सेना के साथ रुका। बाबर ने पूर्व में ही नसीरुद्दीन के पोता अहमद खां को पहले ही अपने साथ कर लिया था। क्योंकि पूर्व में चंदेरी उसी के अधिकार में थी। इस बीच बाबर की ओर से अरायश खां और शेख गोरन को मेदिनीराय के पास चंदेरी दुर्ग को छोड़ने और बाबर की तोपखाने से सज्ज भारी सेना से डराने व धमकाने के साथ बाबर के आगे झुकाने का प्रयास किया गया। जब बात नहीं बनी तो 27 जनवरी 1528 ई. को बाबर ने चंदेरी पर हमला कर दिया। इस युद्ध में मेदिनीराय और उनके वीरों के मध्य घमासान युद्ध हुआ। जिसमें बाबर की सेना पराजित हुई।





28 जनवरी के युद्ध में महाराज मेदिनीराय घायल हुए और उन्हें उपचार हेतु चंदेरी दुर्ग में लाया गया। इस दिन भी बाबर की सेना को काफी क्षति हुई और इसके पश्चात एक बार पुनः अरायश खां को महाराज मेदिनीराय के पास समझौता हेतु भेजा गया। जिसमें चंदेरी के बदले शमशाबाद देने का सुझाव रखा गया। लेकिन मेदिनीराय इसके लिए तैयार नहीं हुए। तब रात्रि के समय नगर के द्वार खुलवाकर चंदेरी नगर को खूब लूटा गया, आग लगा दी गई व भीषण मार-काट की गई। बाबर की सेना ने नगर के मध्य प्रजाजनों के शवों को एकत्रित कर उन पर अपना ध्वज गाढ़ दिया। यह देख महाराज मेदिनीराय और महारानी मणिमाला का खून खौल गया और उन्होंने अंतिम युद्ध लड़ने का निश्चय किया।

#### अंतिम युद्ध इतिहास में जाना जाता है

दुर्ग पर जैसे ही महारानी मणिमाला को महाराज के वीरगति प्राप्त होने की सूचना प्राप्त हुई, तो वह तुरंत पूजा की थाली लेकर मंदिर में पूजा हेतु निकल गई और जौहर की अग्नि प्रज्वुलित करने का आदेश दिया। दुर्ग पर उपस्थित अनगिनत वीरांगनाएं महारानी के पीछे-पीछे अपने बच्चों के साथ मंदिर की में पूजन-अर्चन कर अग्नि कुंड में जाने को आतुर हुई। वह अपने सतित्व की रक्षार्थ एक-एक करके सभी जौहर के अग्नि कुंड में चली जा रही थी। ऐसा कहा जाता है कि इस जौहर कुंड की ज्वालाएं चंद्रगिरि के दुर्ग से 15-15 कोस की दूरी तक दिखाई देती थीं।

बाबर जैसे ही दुर्ग पर आया तो चारों ओर के भयावह वातावरण को देखकर घबरा सा गया लेकिन उसने अपनी घबराहट को छुपाते हुए अपनी क्रूरता का एक और परिचय दिया। उसने चंद्रगिरि दुर्ग के उत्तर पश्चिम में मेदिनीराय के सैनिकों के सिरों को कटवा कर मीनार बनवाई।

डॉ. रिजवी, बाबरनामा में लिखते हैं कि - मेदिनीराय इस युद्ध में नहीं मरे, वरन् मुगलों के द्वारा बंदी बना दिए गए। बाबर ने पहले उन्हें बलात (जबरदस्ती) मुसलमान बनाया और फिर उनकी हत्या कर दी। इसके पश्चात बाबर ने अहमद खां को 50 लाख का मुल्क खालिसा (मनसबदारी) निर्धारित कर मुल्ला आफाक को दो-तीन हजार तुर्की और हिंदुस्तानी सेना के साथ छोड़कर चंदेरी दुर्ग से निकल गया।

***राज्य गया, रानी गई, यह थाती हमको सौंप।***
***लहू से इनके जलती है, वह वाती हमको सौंप।।***
***चन्द्रगिरि वीरांगनाओं की, जौहर अमर कहानी है।***
***भारत के वीर सपूतों की यह, रियासत रही पुरानी है।।***

### फर्जी नामांतरण और पटवारी की एकतरफा रिपोर्ट के दम पर रास्ते पर किया जा रहा कब्जा

# राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न पूर्व मंत्री के परिजन न्याय के लिए परेशान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





नगर के सुठालिया चैराहे के समीप स्थित सार्वजनिक रास्ते पर फर्जी नामांतरण और प्रशासनिक मिलीभगत से तैयार की गई एकतरफा जांच रिपोर्ट के आधार पर दबंगों द्वारा कब्जा किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर चहेते लोगों को अवैध रूप से जमीन का स्वामित्व दिलाया गया, जिसमें राजस्व विभाग के पटवारी रणवीर सिंह झाला और श्रीनाथ पालीवाल की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। इस पूरे प्रकरण में चौंकाने वाली बात यह है कि पीड़ित पक्ष कोई आम नागरिक नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव के परिजन हैं, जो पिछले लंबे समय से न्याय की आस में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। परिजनों का कहना है कि संबंधित जमीन वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में रही है और उस पर कभी किसी का निजी स्वामित्व नहीं रहा, बावजूद इसके रिकॉर्ड में हेरफेर कर फर्जी नामांतरण कर दिया गया और उस पर अब दिन-रात कंन्सट्रक्शन का काम चल रहा है।

#### बिना रजिस्ट्री के हो गया रास्ते की भूमि का नामांतरण

यदि फरियादी पक्ष की माने तो एक ही जमीन दिखाकर पटवारी ने दो बार नामांतरण कर दिए गए जबकि विवादित रास्ते की कोई रजिस्ट्री नहीं की गई है वह सार्वजनिक है जिस पर भी रणवीर सिंह झाला पटवारी ने कागज प्रमाणित किए वगैर फर्जी नामांतरण कर दिया और उससे भी बुरा हाल श्रीनाथ पालीवाल पटवारी ने किया जिन्होने मात्र 3 विंदुओं पर अपनी जांच रिपोर्ट देकर मामले को एकपक्षीय करने में मदद की। इसके बारे में पीडितों को नहीं बताया गया। जब पीडित अपनी शिकायत लेकर एसडीएम के पास गए तो उन्हें अपील करने की सलाह दे डाली। मतलब जब तक सबंधित मकान बनकर तैयार हो जावेगा और अवैध कब्जा के साथ सार्वजनिक रास्ता खत्म हो जाएगा।

#### उठ रहे हैं गंभीर सवाल

- न पीड़ित को सूचना न वकील को बताया और एसडीएम ने जारी कर दिया स्थगन आदेश
- सार्वजनिक रास्ते का नामांतरण किस नियम के तहत किया गया?
- बिना स्थल सत्यापन कैसे तैयार हुई एकतरफा रिपोर्ट?
- दबंगों को संरक्षण देने में किन अधिकारियों की भूमिका?
- क्या पूर्व मंत्री के परिजन होने के बावजूद नहीं मिल रहा न्याय?

#### इनका कहना है-

यदि एक ही जमीन को लेकर दो डायवर्सन हुए हैं तो मैं दिखवा लेता हूं।

**गोविंद दुबे**,एसडीएम ब्यावरा

#### यह है पूरा मामला

*ब्यावरा के सुठालिया वायपास चैराहे के पास कमला बाई पत्नि बनेसिंह एवं बनेसिंह पिता वीरमसिंह ने अलग - अलग समय में 2 प्लॉट मेन रोड पर लिए। दोनों मकानों के बीच से 15 वाय 45 का रास्ता था जिससे पीछे लग रही जमीनों व मकानों तक लोगों का आना जाना होता था। इन्हीं प्लॉटों के पीछे राजेश यादव की भी जमीन थी जो कि पूर्व मंत्री के पुत्र हैं। सभी कुछ सामान्य चल रहा था और रास्तें को लेकर कोई परेशानी किसी को नहीं थी परंतु जैसे ही जमीन की मूल मालकिन भगवती बाई 2022 में मौत हुई तभी से बनेसिंह और कमलाबाई ने मिलकर बीच में से निकल रहा रास्तें को बंद करने व अपने अधिपत्य में लेने के लिए प्रयास शुरू कर दिए। जिस पर राजेश यादव सहित भगवती बाई के परिजनों ने आपत्ति भी जताई। जिस भगवती बाई के परिजनों को एसडीएम कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी मिला था। इसके बाद भी पटवारियों ने हेराफेरी कर मामले को सुलझाने की जगह उलझा दियां। यह मामला न सिर्फ राजस्व व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि प्रभाव और साठगांठ के दम पर किस तरह सार्वजनिक संपत्ति को निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक आंखें मूंदे रहता है या फिर निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है।*

## मावठे की बारिश से फिर बदला मौसम का मिजाज



क्षेत्र में सुबह 11 बजे तक छाया रहा कोहरा, पारा 9.5 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़।

जिले के विभिन्न अंचलों में मंगलवार को गिरा मावठा जहां फसलों के लिए वरदान साबित हुआ है वहीं इस बारिश ने एक बार फिर से आबोहवा में हल्की ठिठुरन बढ़ा दी है। क्षेत्र में कल बुधवार सुबह 11 बजे तक घना कोहरा छाया रहा वहीं हल्की शीतलहर के चलते लोग दिन में ही अलाव से हाथ सेकते नजर आए। हालांकि, बुधवार को जिले का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रिकार्ड किया गया लेकिन दिन भर चली सर्द हवाओं के चलते लोग दिन में भी गर्म कपड़े ओढ़-पहनकर अपने को ठंड से बचाते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिन तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा वहीं मावठे की बारिश फिर होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

#### धनिए और मसूर की फसलों को ओलों से नुकसान

मावठे की यह बारिश जहां गेहूं, धनिए, मसूर जैसी फसलों के लिए फायदेमंद बताई जा रही है वहीं कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि के चलते फसलें खराब भी हुई हैं। भोजपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर ओले गिरने के उपरान्त संबंधित क्षेत्रों के किसानों ने प्रभावित फसलों के सर्वे की मांग उठाई है।

#### बीते एक हफ्ते में जिले का न्यूनतम तापमान

(तापमान डिग्री/सेल्सियस में)

| तारीख | तापमान |
|---|---|
| 28 जनवरी | 9.5 |
| 27 जनवरी | 11.6 |
| 26 जनवरी | 6.6 |
| 25 जनवरी | 6.5 |
| 24 जनवरी | 7.4 |
| 23 जनवरी | 13.5 |
| 22 जनवरी | 9.2 |

### हर माह समय पर वेतन सहित 7 सूत्रीय मांग का निराकरण न होने पर उठाया कदम

## स्वच्छताकर्मी लामबंद, राजगढ़ के सभी 15 वार्डों में नहीं होगी सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर दर एवं समय पर वेतन न मिलने सहित अन्य सात सूत्रीय मांगों को लेकर राजगढ़ नगर पालिका से संबद्ध सभी सफाईकर्मी बेमियादी हड़ताल पर चले गए हैं।

इस हड़ताल के संबंध में सफाईकर्मियों द्वारा दो दिन पूर्व मंगलवार को ही नगर पालिका सीएमओ को एक ज्ञापन सौंपकर अपनी मंशा से अवगत करा दिया गया। मांगों के संबंध में नगर पालिका और प्रशासन की तरह से कोई स्पष्ट जवाब न मिलने पर करीब 150 से अधिक स्वच्छताकर्मियों ने यह कदम उठाया है।

अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वीरू कछवाय एवं राजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि गुरुवार से राजगढ़ नगर के किसी भी वार्ड में साफ-सफाई नहीं की जाएगी।

नगर पालिका प्रबंधन और प्रशासन हमारी बुनियादी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है तो हम आखिर कब तक आश्वासनों के आगे झुकते रहेंगे।

#### विधायक के आश्वासन पर टली थी हड़ताल

उल्लेखनीय है नगर के सफाईकर्मियों द्वारा आज से प्रस्तावित यह हड़ताल करीब 20 दिन पूर्व उस समय की जा रही थी जब उनका तीन माह का वेतन उन्हें नहीं दिया गया था। बाद में क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया था कि एक हफ्ते में सभी सफाईकर्मियों की दो महीनों की इकट्ठी तनख्वाह खातों में जमा करवा दी जाएगी। विधायक श्री यादव के आश्वासन के बाद भी सिर्फ एक ही महीने की तनख्वाह कर्मचारियों के खाते में डाली गई। ऐसे में कई तरह की आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे स्वच्छताकर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का कदम उठाया है।

#### हर माह कलेक्टर दर पर मिले हमें वेतन

हर माह की प्रत्येक 10 तारीख के पूर्व वेतन मिलने की मांग के साथ ही सफाईकर्मियों की प्रमुख मांग यह भी है कि उन्हें कलेक्टर दर पर मानदेय का भुगतान किया जाए। सफाईकर्मियों की उक्त दो प्रमुख मांगों के साथ ही अन्य मांगे भी हैं जिनमें हर वर्ष निर्धारित डेस एवं स्वच्छता से जुड़ी सामग्री प्रदाय, हालिया नियुक्त इंसपेक्टर (दरोगा) के स्थान पर मोहन बारवासिया को उक्त जिम्मेदारी सौंपना एवं सभी सफाईकर्मियों एवं संविदाकर्मियों की सीएल(केज्यूलिटी लीव) जो कुछ सालों से निकाय द्वारा नहीं दी जा रही है, उसे बहाल करना शामिल है।

#### इस बार आश्वासन से नहीं मानेंगे हम

स्वच्छताकर्मी संगठन ब्लॉक अध्यक्ष पवन घेंघट ने बताया कि हर बार जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी हमें आश्वासन देकर मना लिया करते हैं। हम भी नगर हित को देखते हुए अपने फैंसले बदल लेते हैं लेकिन अब हम खोखले आश्वासनों को नहीं मानेंगे।

## एससी और एसटी के विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंपकर उठाई मांगें

**राजगढ़।** जिले के विभिन्न स्कूलों में गणतंत्र दिवस पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अपमान एवं दलित वर्ग के साथ हुई विभिन्न घटनाओं के विरोध में एससी, एसटी के विद्यार्थियों ने बुधवार दोपहर कलेक्टर एवं एसपी दफ्तर पहुंचकर अपनी मांगों के ज्ञापन सौपे। जिलाधीश के नाम सौंपे गए ज्ञापन में गणतंत्र दिवस पर पीपल्या रसोड़ा, झूमका, गोरियाखेड़ी के स्कूलों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर माल्यार्पण न किया जाना, भूमरिया-पपड़ेल में राधेश्याम बैरवा के साथ हुई कथित अभद्रता का भी उल्लेख किया गया। इसके साथ ही आदिम जाति कल्याण विभाग डीईओ पर मनमानी के आरोप विद्यार्थियों ने लगाए हैं। पुलिस एवं प्रशासन से सभी मांगों के संबंध में आगामी 7 दिवस में यथोचित कार्यवाही मांग रखी गई।

#### माता बिजासन की पूजा उपरांत हुआ पंचम महायज्ञ के लिए इंद्र ध्वज पूजन

**सारंगपुर।** भैंसवा माताजी में बुधवार को चैत्र नवरात्रि में माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की सफलता एवं लोककल्याण की मंगलकामना के लिए विधिवत माता बिजासन की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर जगतजननी माँ भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई तथा ग्राम में विराजित समस्त देवी-देवताओं का आव्हान किया। ग्राम पटेल भागीरथ प्रसाद नागर ने देवी देवताओं का पूजन परंपरागत तरीके से किया। माता बिजासन की पूजा-अर्चना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञाचार्य पं इंद्रजीत पाराशर, ग्रामाचार्य ओम प्रकाश पाठक,पंडित अनिल व्यास द्वारा इंद्र देव का आव्हान किया।

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी सामान्य वनमण्डल राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**

:: जाहिर सूचना ::

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अब्दुल गनी आ. मोहम्मद गनी निवासी बोडा तहसील नरसिंहगढ़ जिला राजगढ़ जो वन विभाग वनमण्डल राजगढ़ में एक पंजीकृत आरामशीन के अनुज्ञप्तिधारी है। उनके द्वारा उक्त आरामशीन का क्रय-विक्रय श्री नजीम खान आ. रशीद खान निवासी जीरापुर एवं श्री शकील खान आ. उस्मान खान निवासी माचलपुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ को किया गया है जिस कारण उक्त आरामशीन की अनुज्ञप्ति का नामांतरण क्रेतागण श्री नजीम खान आ. रशीद खान निवासी जीरापुर एवं श्री शकील खान आ. उस्मान खान निवासी माचलपुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ के संयुक्त नाम पर किया जाना है। अतः आरामशीन का नामांतरण किये जाने के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के नाम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। सूचना प्रकाशन के 15 दिवस पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं उक्त आरामशीन का नामांतरण श्री नजीम खान आ. रशीद खान निवासी जीरापुर एवं श्री शकील खान आ. उस्मान खान निवासी माचलपुर तहसील जीरापुर जिला राजगढ़ के संयुक्त नाम पर कर दिया जावेगा ।

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल राजगढ़**

### करणी सेना एवं सवर्ण समाज राजगढ़ ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

## यूजीसी की नई गाइडलाइनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा जारी नवीन गाईड लाईन का करणी सेना सहित सवर्ण समाज द्वारा पूरे जिले में विरोध किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बुधवार को राजगढ़ मुख्यालय पर भी यूजीसी के नए नियमों को लेकर विरोध जाहिर करते हुए राष्ट्रपति के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के जरिए मांग रखी गई कि नई गाईडलाईन पर तत्काल रोक लगाई जाए। उक्त गाइडलाईनों को स्वतंत विशेष संसदीय समिति के सम्मुख पुनरीक्षण हेतु रखा जाए, असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायतों पर स्पष्ट एवं प्रभावी दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए देश के समस्त विश्वविद्यालयों की अकादमी गरिमा, स्वतंत्रता एवं अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षा की जाए।




## हिंदू सम्मेलन के तहत चल समारोह निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर।

खिलचीपुर में बुधवार को हिंदू सम्मेलन के तहत भव्य चल समारोह निकाला गया। सुबह 11 बजे झालावाड़ नाके के पास स्थित लालदास मंदिर से शुरू हुए इस समारोह में एक हजार से अधिक लोग शामिल हुए। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और युवतियों ने भगवा वस्त्र व पगड़ी पहनकर सहभागिता की।

चल समारोह में डीजे के साथ बजरंग अखाड़ा सबसे आगे था, जहां युवाओं ने शारीरिक संतुलन और साहस के करतब दिखाए। उनके पीछे हिंदू वीरांगना वाहिनी की युवतियों और बालिकाओं ने लाठियों के साथ तलवारबाजी और लाठी के प्रदर्शन किए, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश लेकर अनुशासित ढंग से चल रही थीं, जो आयोजन की धार्मिक गरिमा को दर्शा रहा था। घोड़ों पर सवार महिलाओं ने झांसी की रानी का रूप धारण किया था।




